CCTNS हैकथॉन और साइबर चैलेंज 2020

प्रीलिम्स के लिये:

CCTNS हैकथॉन और साइबर चैलेंज 2020

मेन्स के लिये:

साइबर सुरक्षा से संबंध चुनौतियाँ तथा इस संदर्भ में CCTNS हैकथॉन और साइबर चैलेंज 2020 का महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (National Crime Record Bureau-NCRB) तथा साइबर पीस फाउंडेशन द्वारा अपराध और आपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टिम, (Crime and Criminal Tracking Network & Systems-CCTNS) हैकथॉन और साइबर चैलेंज 2020 की एक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

मुख्य बिंदु:

- इस हैकथॉन का मुख्य उद्देश्य ज़मीनी स्तर पर कानून प्रवर्तन कर्मियों Law Enforcement Personnel) के कौशल और ज्ञान में वृद्धि करना है।
- इस हैकथॉन का आयोजन प्रतिभागियों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करने, उनके कौशल और ज्ञान को उद्योग और शिक्षा के साथ समन्वित करने के लिये किया गया है।
- इस हैकथॉन के आयोजन के साथ ही राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में एक साइबर टिपलाइन निगरानी (Cyber Tipline Monitoring) सुविधा केंद्र का उद्घाटन भी किया गया।
- NCRB और नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉईड चिल्ड्रेंस (National Centre for Missing and Exploited Children's- NCMEC), अमेरिका के मध्य इस कार्य के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

- NCMEC अमेरिकी कांग्रेस द्वारा स्थापित एक गैर लाभकारी संगठन है।
- इसकी अपनी एक केंद्रीकृत रिपोर्टिंग प्रणाली है जो विश्व में फेसबुक, यूट्यूब जैसी इंटरनेट सेवाएँ प्रदान करने के साथ ही चाइल्ड पोर्नोग्राफी की छवियों को प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के बारे में भी सूचनाएँ प्रदान करती है।

आगे की राह:

- वर्तमान समय में अपराध और तकनीक के बीच संबंध अधिक स्पष्ट है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों और इंटरनेट ने न केवल साइबर अपराधों को बढ़ावा दिया है बल्कि उन्हें और अधिक परिष्कृत कर दिया है।
- नवीनतम तकनीक के उपयोग में दक्ष होने से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराध को ट्रैक करने, जाँच करने और इनसे निपटने के लिये इन तरीकों को अपनाना आसान होगा।

स्रोत: पी.आई.बी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cctns-hackathon-and-cyber-challenge-2020